पाठ - 12

काम अपने अपने

काम अपने अपने

Q1. एक्टिंग करके दिखाओ किसी चौराहे पर, हाट-बाजार में लोग क्या-क्या कर रहे होते हैं।

उत्तर : स्वयं करो।

Q2. अब ध्यान से चित्र देखकर लिखो कि क्या-क्या काम हो रहे हैं।

उत्तर :

(i) एक औरत डाकघर के बाहर झाड़ू लगा रही है।

(ii)राजमिस्त्री एक घर बना रहा है।

(iii)डॉक्टर और नर्स साथ-साथ अस्पताल जा रहे हैं।

(iv)एक औरत डाकघर जा रही है।

(v)बच्चे स्कूल जा रहे हैं।

(vi)एक सब्जीवाला सब्जी बेच रहा है।

(vii)दूकानदार ग्राहकों की प्रतीक्षा कर रहा है।

(viii)ड्राईवर अपनी गाड़ी चला रहा है।

Q3. तुम्हारे घर के आस-पड़ोस में होने वाले कोई पाँच काम लिखो। इन काम करने वालों को क्या कहते हैं उनके काम के सामने लिखो।

उत्तर :

काम	क्या कहलाते हैं
स्कूटर-कार ठीक करना	मैकेनिक
मरीजों का इलाज करना	डॉक्टर
फल बेचना	फल बिक्रेता
दुकान में सामान बेचना	दूकानदार
घर बनाना	राजमिस्त्री

Q4. पहले चित्र में कुछ इमारतें दिखाई गई हैं। यहाँ उन इमारतों के नाम पर लाल रंग से O बनाओ। अब इनमें से तुम्हारे आस-पास जो इमारतें हैं, उन पर हरे या किसी और रंग से O बनाओ।

डाकघर	अस्पताल	मंदिर
टेलीफोन बूथ	स्कूल	कॉलेज
सरकारी दफ्तर	गिरजाघर	बहुमंजिला मकान
मस्जिद	होटल	बस अड्डा
सिनेमाघर	पुलिस थाना	बैंक
पेट्रोल पंप	दुकान	गुरूद्वारा
धर्मशाला	रेलवे स्टेशन	कचहरी

उत्तर : स्वयं करो।

Q5. किन्हीं पाँच इमारतों के नाम और उनमें क्या काम होते हैं, लिखो।

उत्तर :

इमारत का नाम	क्या-क्या काम होता है
अस्पताल	बीमारों का इलाज, बच्चों का टीका
स्कूल	बच्चों की पढ़ाई
बैंक	रुपयों की निकासी और जमा करना
डाकघर	पत्र भेजना
होटल	लोग ठहरते और खाते हैं।

Q6. स्कूल भी ऐसी जगह है, जहाँ कई लोग काम करते हैं। लिखो, स्कूल में क्या-क्या काम होते हैं?

उत्तर : स्कूल में निम्नलिखित काम होते हैं-

(i) बच्चे पढ़ते हैं।

(ii)शिक्षक पढ़ाते हैं।

(iii)सुबह हर कोई प्रार्थना करता है।

(iv)बच्चे तरह-तरह के खेल खेलते हैं।

(v)बच्चे गाते और डांस करते हैं।

Q7. क्या चित्र में ऐसे बच्चे भी हैं, जो स्कुल नहीं जा रहे हैं? वे क्या कर रहे हैं?

उत्तर : एक बच्चा लोगों को चाय दे रहा है। कुछ बच्चे खेल रहे हैं।

Q8. दीपाली अपने घर के क्या-क्या काम करती है?

उत्तर : दीपाली अपने घर के सारे काम करती है जो निम्नलिखित हैं-घर की सफाई, बर्तन धोना, रेडियो सुनना, भाई और बहन को स्कूल छोड़ना, माँ की मदद करना, खाना पकाना।

Q9. क्या तुम भी अपने घर के काम करते हो? यदि हाँ, तो कौन-कौन से?

उत्तर : घर के काम में अपने माँ-पिता की मदद करता हूँ। मैं घर की सफाई में और चीजों को ढंग से रखने में हाथ बँटाता |

Q10. क्या तुम घर के काम के अलावा कोई और काम भी करते हो? क्या?

उत्तर : घर के काम के अलावा कभी-कभी बाजार से सामान भी लाता हूँ।

Q11. नीचे कुछ काम लिखे हैं। तुम ये काम जिस समय करते हो, घड़ी में दिखाओ।

उत्तर :



Q12. तुम्हारे परिवार के कौन-कौन से लोग घर के काम करते हैं? वे क्या-क्या काम करते हैं? तालिका में भरो।

उत्तर :

परिवार के लोग	क्या-क्या काम करते हैं
माँ	खाना पकाती हैं।
बहन	घर के काम में माँ की मदद करती है।
भाई	सब्जी और अन्य सामान बाजार से लाता है।
पिता	काम पर जाते हैं, ताकि पैसे कमाएँ।

Q13. तुम्हारे परिवार के कौन-कौन से लोग पैसा कमाने के लिए काम करते हैं?

उत्तर :

परिवार के लोग	क्या-क्या काम करते हैं
पिताजी	शिक्षक, छात्रों को पढ़ाते हैं।
बड़ा भाई	डॉक्टर, अस्पताल में बीमार लोगों का इलाज करते हैं।

Q14. तुम्हारे परिवार में कौन-कौन से लोग ऐसे हैं जो काम करते हैं पर उन्हें पैसा नहीं मिलता?

उत्तर : मेरी माँ घर के सारे काम करती हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें पैसे नहीं मिलते। मेरा भाई बाजार से सामान लाता है, लेकिन इसके लिए उसे पैसे नहीं मिलते।

Q15. तुम्हारे घर के बड़े लोग (दादा-दादी, नाना-नानी) जब बच्चे थे, तब वे क्या-क्या काम करते थे?

उत्तर : जब मेरी दादी और नानी बच्ची थीं तब वे रसोई में अपनी माँ का हाथ बँटाती थीं। वे कई व्यंजन बनाती थीं और साफ-सफाई में भी मदद करती थीं। वे गोबर से उपले भी बनाती थीं। | जब मेरे दादा और नाना बच्चे थे तब वे अपने पिता का हाथ खेती-बारी में बँटाते थे। वे मवेशियों को चराने भी ले जाया करते थे। वे जलावन के लिए लकड़ियाँ भी काटते थे।

Q16. तुमने पहले लिखा कि तुम क्या काम करते हो और तुम्हारे घर के बड़े लोग अपने बचपन में क्या काम करते थे। ये काम एक जैसे हैं या अलग-अलग?

उत्तर : पहले से काफी कुछ अलग-अलग है। अव के बच्चे ज्यादातर समय या तो पढ़ाई करते हैं या खेलते हैं। उन्हें ज्यादा काम नहीं करने दिया जाता है।

Q17. दीपाली को घर के काम करने के लिए स्कूल छोड़ना पड़ा। पता करो क्या तुम्हारे घर के आस-पास पाँच साल से बड़ी उम्र के बच्चे रहते हैं, जो स्कूल नहीं जाते।

उत्तर : हाँ, मेरे पड़ोस में कुछ बच्चे पाँच साल से बड़ी उम्र के हैं और वे स्कूल नहीं जाते हैं। वैसे बच्चे पैसे कमाने में अपने माँ-बाप की मदद करते हैं।

Q18. ऐसे दो बच्चों से बात करके लिखो, वे स्कूल क्यों नहीं जाते?

उत्तर : पहले बच्चे का नाम : असलम स्कूल न जाने का कारण : उसके माँ-पिता बहुत गरीब हैं। दूसरे बच्चे का नाम : रानी स्कूल न जाने का कारण : उसके पिता का हाथ एक दुर्घटना में कट गया था।